# कर जमा करने के बाद रसीद सहेज कर रखें

## नगर निगम के कम्प्यूटर में नहीं मिल रहा पुराना रिकॉर्ड, उपभोक्ता काट रहे चक्कर, बकाया राशि नहीं हो पा रही जमा

**नवभारत न्यूज**

**सागर 7 मार्च. बुंदेलखंड के सागर संभाग की एक मात्र नगर पालिक निगम के कम्प्यूटरों में पुराना रिकॉर्ड उपलब्ध न होने के कारण उपभोक्ताओं को आर्थिक, मानसिक, शारीरिक परेशानी उठानी पड़ रही है. उपभोक्ता निगम के चक्कर लगा-लगाकर थक रहा है मगर निगम के जिम्मेदार उपभोक्ताओं की समस्याओं को निराकृत नहीं कर पा रहे हैं.**

मालूम हो कि नगर निगम सागर द्वारा जलकर, संपत्तिकर, कचरा सहित बाजार दुकानों के करों की वसूली की जाती है. जिसके लिए पुराने नगर निगम कार्यालय में ही कर जमा करने के लिए काउंटर




बनाए गए हैं जो कि वित्तीय वर्ष 2025-26 के समापन के पूर्व 31 मार्च तक शनिवार-रविवार सहित अन्य अवकाशों में भी खुले रखने के आदेश कर दिए गए हैं. मगर नगर निगम के काउंटर पर संचालित कम्प्यूटरों में पुराना रिकॉर्ड उपलब्ध न होने के कारण उपभोक्ता परेशान हो रहे हैं. मिली जानकारी के अनुसार नगर निगम द्वारा बकाया करों की वसूली के लिए महिला ब्रिगेड, उड़नदस्ता आदि का गठन भी किया गया है. मगर कम्प्यूटर में पुराना रिकॉर्ड उपलब्ध न होने से समस्या सामने आ रही है. जलकर और संपत्तिकर के अलावा पिछले कुछ वर्षों से कचरा संग्रहण करने वाली कंपनी के बिल भी जारी किए गए हैं जो कि एक-दो साल के नहीं सीधे सात साल के जारी किए गए हैं. जिससे उपभोक्ताओं पर भी आर्थिक बोझ पड़ रहा है. एक दिन पूर्व ही नगर निगम कार्यालय के काउंटर पर पहुंचे एके तिवारी ने जारी वित्तीय वर्ष का कचरे का बिल 360 रुपए जमा करने के लिए कर्मचारी को आईडी बताई तो संबंधित कर्मचारी आईडी देखकर बताया कि आपको पिछले दो वर्षों का भी कचरे का बिल जमा करना है.साथ में पुरानी रसीद लेकर आए श्री तिवारी ने बताया कि उनके द्वारा पिछले दो वर्ष का बिल पूर्व में ही जमा कर दिया गया है. तो संबंधित कर्मचारी ने कहा कि कम्प्यूटर पर आपकी रसीद के माध्यम से जमा राशि नहीं आ रही है. एक अन्य उपभोक्ता भी इसी प्रकार की समस्या को लेकर काउंटर से संबंधित अधिकारी के पास गए तो उन्होने कहा कि आप रसीद की फोटो कॉपी दें, समस्या का हल एक-दो दिन में कर दिया जायेगा. ऐसी समस्या एक-दो की नहीं शहर के अधिकांश उपभोक्ताओं की सामने आ रही है. कचरा के बिल निगम द्वारा ऐसे जारी किए गए हैं किसी का मकान 7 वर्ष पूर्व बना ही नहीं था मगर उसको 7 वर्ष का ही बिल थमा दिया गया है तो वहीं जलकर की अग्रिम राशि जमा करने के बावजूद भी निगम द्वारा मैसेज के माध्यम से उपभोक्ता को बताया जा रहा है कि आपकी राशि बकाया है.

कुल मिलाकर उपभोक्ता को बिल जमा करने के बाद रसीद सहेज कर रखना अनिवार्य हो गया है.

# प्रेम संबंध में युवक को गंवानी पड़ी जान

## प्रेमिका ने अपने नए प्रेमी के साथ मिलकर कराई युवक की हत्या, तीनों पकड़े गए

**नवभारत न्यूज**

**सागर 7 मार्च. रहली थाना अंतर्गत वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व के मुहली जंगल में मिले युवक की हत्या के मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है.**

पुलिस के अुनसार युवक की हत्या उसकी प्रेमिका ने ही अपने नए प्रेमी के साथ मिलकर कराई थी. पुलिस के अनुसार बाईसा मोहल्ला सागर निवासी 30 वर्षीय विकास सिंह राजपूत का एक युवती से प्रेम संबंध था. बताया जा रहा है कि दोनों करीब चार साल से एक-दूसरे के संपर्क में थे और साथ में काम भी करते थे. कुछ समय पहले युवती की पोस्ट ऑफिस में नौकरी लगने के बाद वह दमोह जिले के तेंदूखेड़ा में



रहने लगी थी. इसी दौरान उसका परिचय दूसरे युवक से हुआ और दोनों के बीच नजदीकियां बढ़ गई. इधर विकास युवती से शादी करना चाहता था और लगातार उससे संपर्क कर रहा था, इससे परेशान होकर युवती ने अपने नए प्रेमी के साथ मिलकर उसे रास्ते से हटाने की योजना बनाई. वारदात के दिन युवती ने विकास से फोन पर बात की और उसे मिलने के लिए बुलाया गया था.

> जांच में सामने आया है कि युवती के कहने पर उसका नया प्रेमी अपने एक साथी के साथ पहले ही मुहली के पास जंगल में पहुंच गया था. जैसे ही विकास वहां पहुंचा, आरोपियों ने उसे रोक लिया और मारपीट की. इसके बाद उसे जंगल के अंदर ले जाकर चाकुओं से हमला कर दिया, जिससे उसकी मौत हो गई. पुलिस ने युवती सहित अजय यादव (29) और लल्लू धानक (42) निवासी जैसीनगर को अभिरक्षा में लिया है. युवती को न्यायालय में पेश किया.

# कुएं से युवक का शव मिला

**नवभारत न्यूज**

**सागर 7 मार्च. केट थाना क्षेत्र में 28 नंबर गेट के पास स्थित रेलवे के पंप हाउस परिसर में एक युवक का शव मिला.**

शव पंप हाउस के कुएं में पानी के अंदर पड़ा मिला, जो प्रारंभिक तौर पर करीब तीन दिन पुराना बताया जा रहा है. सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी. नजानकारी के अनुसार पंप हाउस परिसर में काम कर रहे कर्मचारियों को कुएं की ओर से तेज दुर्गंध महसूस हुई. उन्होंने कुएं में झांककर देखा तो पानी में एक शव तैरता दिखाई दिया, यह देखकर कर्मचारियों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी. सूचना मिलते ही कैंट थाना पुलिस मौके पर पहुंची और हालात का जायजा लिया, इसके बाद एसडीईआरएफ टीम को बुलाया गया. टीम ने रस्सियों और अन्य उपकरणों की मदद से रेस्क्यू ऑपरेशन चलाकर शव को कुएं से बाहर निकाला. पुलिस के अनुसार शव काफी पुराना होने के कारण सड़-गल गया है, जिससे मृतक की पहचान करना फिलहाल संभव नहीं हो पाया है. पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया है.

### शिवम बने सीए

**सागर.** तिली वार्ड निवासी मनमोहन चौरसिया के सुपुत्र शिवम चौरसिया ने मात्र 21 वर्ष की आयु में चार्टर्ड अकाउंटेंट की प्रतिष्ठित परीक्षा उत्तीर्ण कर परिवार और शहर का नाम गौरवान्वित किया है. परीक्षा की तैयारी के दौरान घर का वातावरण पूरी तरह अध्ययनमय रहा. परिवार के सदस्यों का मानना है कि यह सिर्फ शिवम की परीक्षा नहीं थी, बल्कि पूरे परिवार की परीक्षा थी. विशेष रूप से उनकी माता का योगदान अत्यंत सराहनीय रहा. उन्होंने तैयारी के कठिन दौर में हर कदम पर हौसला बढ़ाया है.

# कार्यालय मंत्री को पद मुक्त किया गया

**नवभारत न्यूज**

**सागर 7 मार्च. सोशल मीडिया पर वायरल हुई पोस्ट भाजपा के जिला कार्यालय मंत्री देवेंद्र कटारे पर भारी पड़ गई. पार्टी नेतृत्व के निर्देश पर भाजपा जिलाध्यक्ष श्याम तिवारी ने उन्हें जिला कार्यालय मंत्री के दायित्व से तत्काल प्रभाव से मुक्त कर दिया है.**

जिलाध्यक्ष श्याम तिवारी द्वारा जारी पत्र में बताया गया है कि देवेंद्र कटारे को पहले पार्टी की रीति-नीति के विरुद्ध सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक सामग्री पोस्ट करने के मामले में कारण बताओ नोटिस दिया गया था, नोटिस के जवाब में उनका स्पष्टीकरण प्राप्त हुआ, लेकिन पार्टी नेतृत्व को वह संतोषजनक नहीं लगा.

> पत्र में उल्लेख किया गया है कि सोशल मीडिया के माध्यम से पद के प्रति अरुचि जाहिर करने और लगातार आपत्तिजनक सामग्री पोस्ट किए जाने के कारण प्रदेश संगठन के निर्देश पर उन्हें भाजपा जिला सागर के जिला कार्यालय मंत्री पद से तत्काल मुक्त किया गया है. हालांकि जानकारी के अनुसार देवेंद्र कटारे का कहना है कि उनकी फेसबुक आईडी हैक हो गई थी, उनका दावा है कि नियुक्ति के बाद उनकी आईडी से कुछ पोस्ट शेयर हो गई थीं, जो बाद में सोशल मीडिया पर वायरल हो गईं. जारी पत्र की प्रतिलिपि प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल, संभाग प्रभारी गौरव रणदिवे, जिला प्रभारी लोकेन्द्र पारासर और प्रदेश कार्यालय मंत्री श्याम महाजन को भी भेजी गई है.

# कैंसर से बचाव की वैक्सीन




**नवभारत न्यूज**

**सागर 7 मार्च. जरुवाखेड़ा स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर 14 से 15 वर्ष की बालिकाओं को एचपीभी वैक्सीन लगाने के अभियान का शुभारंभ हुआ.**

जनपद सदस्य शैलेंद्र ठाकुर ने कहा कि यह वैक्सीन स्वस्थ भविष्य की पहली सीढ़ी है, सभी अभिभावक अपनी बालिकाओं को यह टीका अवश्य लगवाएं. कार्यक्रम में डॉ. निखिल जाटव, आदित्य खटीक, धर्मेंद्र यादव, गोविंद ठाकुर, मनीषा लारिया, अंकिता चौहान, ममता सैनी, मालती चौरसिया, पुष्पा पटेल, सीता प्रजापति मौजूद थीं.

# स्वास्थ्य कार्यक्रमों की समीक्षा की गई

**नवभारत न्यूज**

**बीना 7 मार्च. राज्य स्तरीय एनएचएम टीम द्वारा विकासखंड बीना के अंतर्गत ग्राम कंखर, बेलाई एवं बहना का निरीक्षण किया गया.**

इस दौरान स्टेट कोऑर्डिनेटर एनएचएम डॉ. शिखा तोमर एवं संभागीय कोऑर्डिनेटर श्री हुसैन खान ने खंड चिकित्सा अधिकारी संजीव अग्रवाल के साथ क्षेत्र का भ्रमण किया. भ्रमण के दौरान विकासखंड में संचालित विभिन्न स्वास्थ्य कार्यक्रमों जैसे दस्तक अभियान, आयरन प्रोग्राम, तथा एनआरसी में भर्ती बच्चों की



देखभाल एवं उपलब्ध स्वास्थ्य सेवाओं का अवलोकन किया गया. टीम द्वारा कार्यक्रमों के क्रियान्वयन की स्थिति का जायजा लेते हुए संबंधित स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को आवश्यक दिशा-निर्देश भी प्रदान किए गए. निरीक्षण के दौरान समुदाय स्तर पर बच्चों के स्वास्थ्य, पोषण एवं एनीमिया नियंत्रण से संबंधित गतिविधियों की प्रगति की समीक्षा की गई तथा कार्यक्रमों को और अधिक प्रभावी ढंग से संचालित करने के निर्देश दिए गए.

# युवक ने फांसी लगाई

**नवभारत न्यूज**

**शाहगढ़ 7 मार्च. वार्ड नंबर 01 में एक युवक द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या करने का मामला सामने आया है. पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजते हुए मामले की जांच शुरू कर दी है.**

मिली जानकारी के अनुसार वार्ड नंबर 01 निवासी राहुल पटेल ने अज्ञात कारणों के चलते अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली. घटना का पता उस समय चला जब परिजनों और आसपास के लोगों ने उसे फंदे पर लटका देखा. युवक को इस हालत में देखकर घर में अफरा-तफरी मच गई और आसपास के लोग भी मौके पर एकत्रित हो गए. घटना की सूचना तत्काल पुलिस को दी गई. सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस बल मौके पर पहुंचा और घटनास्थल का मुआयना किया. पुलिस ने कार्रवाई करते हुए शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया. पुलिस परिजनों और परिचितों से पूछताछ कर रही है ताकि घटना के पीछे की वास्तविक वजह का पता लगाया जा सके. पुलिस के अनुसार प्रारंभिक तौर पर मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है.

# डिस्ट्रिक्ट प्रेसीडेंट की आधिकारिक यात्रा संपन्न

**नवभारत न्यूज**

**सागर 7 मार्च. द एसोसिएशन ऑफ वी क्लब्स ऑफ इंडिया, वी डिस्ट्रिक्ट 323-जी2 की डिस्ट्रिक्ट प्रेसीडेंट की आधिकारिक यात्रा संपन्न हुई.**

ज्योति दीक्षित ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की.वी क्लब सागर गोल्ड की अध्यक्ष कंचन केसरवानी ने स्वागत भाषण दिया. इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए गए.






# खिड़की टूटी, जेवर-नकदी गायब

**नवभारत न्यूज**

**सागर 7 मार्च. सुरखी थाना क्षेत्र के ग्राम हनौता (खुर्द) में सामने आई चोरी की एक घटना ने पुलिस और ग्रामीणों दोनों को उलझन में डाल दिया है.**

पीड़ित परिवार जहां अज्ञात चोरों द्वारा घर में सेंध लगाकर नगदी और जेवरात चोरी किए जाने की बात कह रहा है, वहीं पुलिस शुरुआती जांच में पूरे घटनाक्रम को संदेहास्पद मानते हुए कई बिंदुओं पर पड़ताल कर रही है. हनौता (खुर्द) निवासी जगदीश पिता रामेश्वर गौड़ ने सुरखी थाने में दिए आवेदन में बताया कि उनका परिवार खेत पर बने पुराने पैतृक मकान और गांव के नए घर के बीच आना-जाना करता रहता है. बताया गया कि परिवार के सभी सदस्य भोजन करने के लिए पुराने मकान चले गए थे. इसी दौरान नया मकान खाली होने का फायदा उठाकर अज्ञात लोग घर में घुस गए. परिवार के अनुसार जब वे शाम वापस लौटे तो मकान की खिड़की टूटी हुई मिली. कमरे में रखी पलंग पेटी का ताला भी टूटा था. पेटी में रखे स्टील के डिब्बे से करीब 600 ग्राम चांदी की करधनी, लगभग 400 ग्राम चांदी की पायल, एक तोला सोने की पांचाली और करीब 1 लाख रुपये नकद गायब मिले.

### युकां का संघर्ष आगे भी जारी रहेगा : शुक्ला

**ललितपुर.** युवा कांग्रेस के प्रदेश महासचिव ऋतिक शुक्ला मोंटी को दिल्ली ए.आई. समिट मामले में बड़ी राहत मिली है. इस घटनाक्रम को अलग-अलग दृष्टिकोण से यहां प्रस्तुत किया गया है. दिल्ली पुलिस की 9 दिनों की पूछताछ और हिरासत के बाद बेगुनाह साबित होकर ऋतिक शुक्ला उर्फ मोंटी वापस ललितपुर लौटे. रेलवे स्टेशन पर स्वागत किया, मोंटी ने स्पष्ट किया कि अमेरिका-भारत ट्रेड डील भारत विरोधी है और युवा कांग्रेस इस समझौते के रद्द होने तक अपना संघर्ष जारी रखेगी. ललितपुर पहुँचते ही युवा नेता ऋतिक शुक्ला ने केन्द्र सरकार की नीतियों पर सवाल उठाए.

# गढ़ाकोटा के कुमरई भटोली में बुजुर्ग की चाकू मार कर हत्या

**नवभारत न्यूज**

**सागर 7 मार्च. जिले गढ़ाकोटा थाना अंतर्गत ग्राम कुमरई में बीती रात खेत पर रखवाली कर रहे बुर्जुग किसान की अज्ञात बदमाशों ने चाकू मारकर हत्या कर दी. पुलिस ने हत्या का प्रकरण दर्ज कर जाँच में ले लिया है.**

गढ़ाकोटा पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार कुमरई भटोली निवासी श्यामलाल कुर्मी उम्र 60 वर्ष शुक्रवार-शनिवार की दरमियानी रात्रि में शाहपुर रोड पर स्थित खेत पर पानी देने गया था, साथ ही रखवाली के लिए रुका था.मध्य रात्रि में अज्ञात बदमाशों ने खेत में अनाधिकृत प्रवेश किया और बुर्जुग किसान से बाद विवाद करने लगे. जिनकी संख्या छह बताई गई है. बदमाशों ने किसान पर चाकू से हमला उस समय कर दिया जब किसान बदमाशों को पकड़ने के लिए पीछे दौड़ रहा था और श्यामलाल का शव गंगा जोर मंदिर के सामने शाहपुर रोड से बरामद किया गया है.

पुलिस के अनुसार मृतक के बेटे महेश कुर्मी ने बताया कि आसपास के लोगों ने उसको सूचना दी कि उसके खेत पर जोर-जोर से आवाजें आ रही हैं तो वह खेत पर पहुंचा और देखा कि कुछ बदमाश पिताजी को पकड़कर ले जा रहे थे और मारपीट कर रहे थे


